उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

राज्य निर्वाचन परिसर, बाईपास रिंग रोड, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in E- mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

विज्ञापन संख्याः 37 / उ0अ0से0च0आ0 / 2021 दिनांकः 24.08.2021

चयन हेतु विज्ञापन

विभिन्न विभागों में समूह 'ग' के अन्तर्गत वाहन चालक / प्रवर्तन चालक / डिस्पैच राइडर के कुल रिक्त 164 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन।

नोटः रिक्तियों की संख्या बढायी या घटायी जा सकती है।

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	24.08.2021
ऑनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि	27.08.2021
ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि	10.10.2021
परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि	12.10.2021
लिखित परीक्षा का अनुमानित समय	दिसम्बर, 2021

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के अन्तर्गत वाहन चालक के 161 पदों, परिवहन विभाग के अन्तर्गत प्रवर्तन चालक के 02 पदों तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के अन्तर्गत डिस्पैच राइडर के 01 पद अर्थात कुल 164 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर दिनांक **10.10.2021** तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आयोग द्वारा OTR (One Time Registration) को अनिवार्य कर दिया गया है, जिन अभ्यर्थियों द्वारा OTR प्रोफाइल नही भरे गये हैं, उन्हें आवेदन पत्र भरने के पूर्व OTR भरना अनिवार्य है। OTR में भरी गई जानकारी या डेटा आवेदन पत्र का भाग बनेगा, अतः आवेदन–पत्र भरने के पूर्व OTR को अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन–पत्र भरने के पूर्व OTR की जानकारी को OTR के Edit विकल्प में जाकर संशोधित कर लें। हर प्रकार से त्रुटिरहित OTR होने पर ही आवेदन–पत्र भरना प्रारम्भ करें। आवेदन पत्र भर जाने व Submitt button पर Click करने के उपरांत इस आवेदन पत्र के लिए OTR में संशोधन संभव नही होगा। त्रुटिपूर्ण OTR तथा त्रुटिपूर्ण आवेदन–पत्र के कारण अभिलेख सत्यापन के समय अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। OTR भरने में सहायता के लिए **Toll free no. 9520991172** या **WhatsApp no.–9520991174** या आयोग की **e-mail Id: chayanayog@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उपयुक्त अभ्यर्थियों के चयन हेतु आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की वस्तुनिष्ठ प्रकार की Offline अथवा Online परीक्षा आयोजित करायी जा सकती है। प्रतियोगी परीक्षा के संबंध में उपरोक्त समय अनुमानित है एवं परीक्षा की तिथि की सूचना यथासमय पृथक से आयोग की वेबसाइट, दैनिक समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति तथा अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS तथा ई–मेल द्वारा भी उपलब्ध करायी जाएगी। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट से ही डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग द्वारा डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।